
Result Mitra

# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 8



# तमिलनाडु में मिली एक और सिंधु घाटी सभ्यता

तमिलनाडु में हाल ही में की गई पुरातात्विक खुदाई में सिंधु घाटी सभ्यता से मिलते जुलते भित्तिचित्र मिले हैं तमिलनाडु पुरातत्व विभाग के अनुसार इन स्थलों पर पाए गए लगभग 90% भित्तिचित्र चिन्ह सिंधु सभ्यता के प्रतीकों से समानता रखते हैं

8 Jan 25

- तूतकुडी जिले के शिवगलाई स्थल पर खुदाई के दौरान 700 से अधिक कलाकृतियां मिली हैं जिसमें मिट्टी से बने सूत कातने के उपकरण धूम्रपान के लिए मिट्टी की पाइप कांच की चूड़ियां और शंख शामिल हैं
- इसमें एक दफन कलश में धान का भूसा पाया गया है जिसकी कार्बन डेटिंग से पता चला कि यह लगभग 3200 वर्ष पुराना है
- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन ने सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि को डिकोड करने वाले व्यक्ति को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर लगभग (8.57 करोड़ रुपये) का पुरस्कार देने की घोषणा की है




# तमिलनाडु में मिली एक और सिंधु धाटी सभ्यता

## तमिल सभ्यता और सिंधु घाटी सभ्यता का संबंध:

1. **समानताएँ:**
   - शहरी नियोजन: दोनों सभ्यताओं में उन्नत जल निकासी प्रणाली और ईंट संरचनाएँ पाई गई हैं।
   - कृषि और पशुपालन: चावल और ज्वार के अवशेष, साथ ही पशुपालन के प्रमाण, दोनों में समान हैं।
   - लिपि: तामिल ब्राह्मी लिपि और सिंधु लिपि के बीच संभावित संबंध खोजे जा रहे हैं।
2. **स्वतंत्र विकास:**
   - तमिल सभ्यता की संस्कृति, कला और धातु विज्ञान से स्पष्ट होता है कि यह सिंधु घाटी से अलग और स्वतंत्र रूप से विकसित हुई है।
3. **व्यापारिक संबंध:**
   - समुद्री व्यापार के संकेत दोनों सभ्यताओं में मिलते हैं। तमिल सभ्यता के पास समुद्री व्यापारिक मार्गों का विकास था।

Result Mitra



# जस्टिन ट्रूडो का कनाडा के प्रधानमंत्री से इस्तीफा

8 Jan 25


कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 6 जनवरी 2025 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया उन्होंने लिबरल पार्टी के नेता पद से भी त्यागपत्र दे दिया

ट्रूडो के इस्तीफे के पीछे उनकी पार्टी के भीतर बढ़ता असंतोष और हाल के विवादों को मुख्य कारण माना जा रहा है

भारत और कनाडा के संबंधों में भी हाल के वर्षों में तनाव देखा गया खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामलों में दोनों देशों के मध्य मतभेद उभरे थे।

## भारत- कनाडा संबंध

- दोनों देश बहुसंस्कृतिवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए जाने जाते हैं
- दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंध बहुआयामी साझेदारी का हिस्सा है
- दोनों देश नियम आधारित व्यवस्था का समर्थन करते हैं



Result Mitra

# कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो

## इस्तीफे के प्रमुख कारण :

1. खालिस्तान समर्थकों के प्रति रुख: ट्रूडो पर खालिस्तान समर्थक तत्वों के प्रति नरम रुख अपनाने के आरोप लगे, जिससे उनकी पार्टी और जनता में असंतोष बढ़ा।
2. आंतरिक असंतोष: लिबरल पार्टी के भीतर ट्रूडो के नेतृत्व के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा था। कई सांसदों ने नेतृत्व परिवर्तन की मांग की, जिससे उन पर इस्तीफे का दबाव बढ़ा।
3. जनता में असंतोष: महंगाई, आवास संकट, और अन्य आंतरिक मुद्दों के कारण जनता में ट्रूडो सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ रही थी, जिससे उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई।

कनाडा में अगले चुनाव अक्टूबर 2025 में होने हैं।

Result Mitra



## पंचप्रण चर्चा में

8 Jan P3

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंच प्रण (पाँच संकल्प) की अवधारणा की उसी को लेकर हाल ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी पंचप्रण पर चर्चा की

उन्होंने कहा भारत के परिवर्तन की नींव पाँच स्तंभों पर आधारित है

### प्रण-1 - विकसित भारत

- महिलाऐं और बच्चे
- समावेशी विकास
- स्वास्थ्य और कल्याण
- आदिवासी सशक्तिकरण

### प्रण-2 औपनिवेशिक मानसिकता को दूर करें।

- आत्मनिर्भर भारत

8 Jan | P4

## प्रण-3 अपनी जड़ों पर गर्व करें

- सांस्कृतिक गौरव

## प्रण-4 : एकता

- विविधता में एकता

## प्रण-5 नागरिकों में कर्तव्य की भावना

- जल
- पर्यावरण के लिए जीवन शैली (life)

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि इन सोच सिद्धान्तों से भारत का लक्ष्य राष्ट्र विकास एकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है जिससे एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित हो सके।

# हनोई दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर और भारत से तुलनात्मक अध्ययन

हाल ही में वियतनाम की राजधानी हनोई को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक घोषित किया गया है। हनोई में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।

## हनोई में वायु प्रदूषण का कारण

- वाहनों का उत्सर्जन
- औद्योगिक गतिविधियाँ
- कचरा जलाना

Result Mitra

## हनोई के बारे में

हनोई वियतनाम की राजधानी है और चीन की सीमा के पास स्थित है यह रेड नदी के पश्चिमी तट पर बसा है।



# हनोई दुनिया का सबसे प्रदुषित शहर और भारत से तुलनात्मक अध्ययन

हनोई और दिल्ली की वायु गुणवत्ता की तुलना:

- वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI): हनोई में PM2.5 स्तर 266 माइक्रोग्राम/घन मीटर तक पहुंच गया, जबकि दिल्ली में AQI 500 से अधिक दर्ज किया गया है।

- प्रदूषण के स्रोत: दोनों शहरों में वाहनों का उत्सर्जन और औद्योगिक गतिविधियाँ प्रमुख प्रदूषण स्रोत हैं।

सरकारी प्रयास:

- हनोई: वियतनामी सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है और 2030 तक सभी टैक्सियों और 50% बसों को इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य रखा है।
- दिल्ली: दिल्ली सरकार ने ऑड-ईवन योजना, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, और पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए कदम उठाए हैं।

Result Mitra